हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

### जल संसाधन विभाग में आकस्मिक निधि का खेला, बिना टेंडर के पीस वर्क में दिखा रहे काम

# मरम्मत के नाम पर फूंक रहे सरकारी खजाना फिर भी नहरों की हालत बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में हसदेव बांगो नहर मरम्मत के लिए सरकारी खजाने में राशि की कोई कमी नहीं है। इतना ही नहीं नहरों की मरम्मत और सफाई के लिए आकस्मिक निधि से बिना किसी टेंडर से ढाई लाख रुपए तक खर्च किया जा सकता है। इसके अलावा पीस वर्क में लाखों के काम कराए जा सकते है। बताया जाता है कि इसी को आधार बनाकर नहरों की सफाई और मरम्मत का खेला हो रहा है। लिहाजा नहरों की हालत भले ही ना सुधरे, लेकिन कागजों में हर काम पूरा होता है।

जांजगीर चांपा जिले में जल संसाधन विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे है। दशकों पुरानी हसदेव बांगो मुख्य शाखा नहर की हालत तो बदतर है ही, वितरक शाखाओं की स्थिति और भी खराब हो चुकी है। वर्तमान में खरीफ फसल की सिंचाई को लेकर नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है, लेकिन नहरों के पार अधिकांश जगहों पर जर्जर हो गए है और ना जाने कब टूट जाए कहा नहीं जा सकता। इसके अलावा ि वतरक शाखाओं की सफाई का काम तो अधिकतर जगहों पर ग्रामीणों ने खुद ही किया, जिससे उनकी खेतों तक पानी की धार पहुंची है। कई जगहों पर तो रेत और मिट्टी की



जर्जर नहर।

बोरी भरकर मरम्मत भी की गई है। दूसरी ओर विभाग में मरम्मत के नाम पर कुछ बड़ा ही खेला हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हसदेव बांगो जल प्रबंध संभाग जांजगीर में नहरों की मरम्मत और साफ सफाई के नाम पर शासन से करोड़ों रुपए का बजट स्वीकृत होता था। इसके साथ ही यहां के अधिकारी को बिना किसी निविदा के एक बार में ढाई लाख रुपए तक के काम अपने ठेकेदार से कराने का अधिकार भी मिला हुआ है। बताया जाता है कि इसी को आधार बनाकर जिले में नहरों की सफाई और मरम्मत के नाम पर हर साल बड़ा खेला हो रहा है। सूत्र बताते है कि मौके पर नहरों की सफाई और मरम्मत का काम हो ना हो, लेकिन कागजों में सबकुछ हो जाता है।

बहरहाल वास्तविकता चाहे जो भी हो लेकिन जिले में एक ओर जहां नहरों की स्थिति दिन ब दिन बद से बदतर होती चली जा रही है। वहीं दूसरी ओर नहरों की सफाईं और मरम्मत के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि हर साल बढ़ते क्रम में है।

### आकस्मिक निधि के खर्च पर उठे सवाल

जानकार बताते हैं कि यदि आकस्मिक निधि से हुए खर्च की निष्पक्ष जांच कर दी जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी उजागर हो सकती है। मरम्मत और सफाई के नाम पर राशि तो खर्च हो रही है, लेकिन नहरों की बदहाल स्थिति खुद इस खेल की गवाही दे रही है।

### किसानों में नाराजगी विभाग मौन

किसानों ने कहा कि जब तक पानी खेतों तक नहीं पहुंचेगा तब तक फसल संकट में रहेगी। विभाग की लापरवाही से खरीफ और रबी दोनों सीजन प्रभावित होते हैं। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते नहरों की मरम्मत व सफाई नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### करवाते हैं मरम्मत

नहर की स्थिति को देखते हुए मरम्मत कार्य कराया जाता है। इसके लिए शासन स्तर से फंड की व्यवस्था की जाती है, जहां पर मरम्मत कार्य नहीं हो पाया है, ऐसी जगह की जानकारी लेकर आने वाले समय में मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

**-शशांक सिंह, ईई**
जल संसाधन विभाग

### की गई मांग

जिले में नहर की स्थिति बहुत खराब है, जिसके चलते खेतों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। यहां एनिकट की स्थिति भी अच्छी नहीं है। इस समस्या को लेकर व्यवस्था बनाने अधिकारियों से मांग की गई है।

**-संदीप तिवारी,**
सह संयोजक
कृषक चेतना मंच






## खबर संक्षेप




### अभाविप की नवीन कार्यकारिणी घोषित, नगरमंत्री बने नरेंद्र

**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा जिला के इकाई कटघोरा की नवीन कार्यकारिणी सत्र 2025-26 की घोषणा हुई। जिसमें जिला विस्तारक प्रदीप साहू एवं समाज सेवक अनुराग तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने नवीन दायित्वान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पुनिर्माण के इस ध्येय यात्रा में कटघोरा इकाई की भी भागीदारी सुनिश्चित हो जिसमें 2025-26 के नगरमंत्री नरेंद्र कुर्रे, नगर सह मंत्री अमरजीत सिंह राजपूत, हरीश यादव, आन्या गुप्ता, नगर कार्यालय मंत्री सौरभ बंजारा, नगर एसएफएस प्रमुख उत्कर्ष दुबे, नगर एसडीएस प्रमुख प्रदीप कुमार कुरूम, मनदीप सिंह मार्को, नगर राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख मुस्कान पुहुप, राहुल दास महंत, नगर सोशल मीडिया प्रमुख सक्षमकुर्रे, कृष्णा यादव, नगर एन एस एस प्रमुख साहिल पैगवार, नगर महाविद्यालय प्रमुख हर्ष दुबे, नगर विद्यालय प्रमुख शौर्य जायसवाल नगर छात्रावास प्रमुख सुन्दरम जायसवाल, संपत मरकाम, साधना राज, नगर स्टडी सर्कल प्रमुख सुमित साहू, श्याम वस्त्रकार, नगर कार्यकारिणी सदस्य गौरव खांडे, आदित्य ठाकुर को दायित्व की घोषणा की गई।

### सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएसईबी कोरबा (पूर्व) में शुक्रवार को विद्या भारती ने सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं अध्यक्षता विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जुड़ावन सिंह का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में अन्य पदाधिकारी के रूप में सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नानभाई पटेल, व्यवस्थापक जोगेश लांबा, वनांचल सेवा न्यास समिति के सचिव चंद्र किशोर श्रीवास्तव, प्रांत संयोजक अनिल शर्मा, क्षेत्रीय सहसंयोजक प्रेमलाल पटेल, विभाग समन्वयक दीपक सोनी, सूर्य कुमार पांडे, पूर्व व्यवस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार विकास जोशी, विभिन्न विभागों से आए हुए प्राचार्य प्रधानाचार्य, आचार्य आचार्या, स्थानीय विद्यालय के कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रतिभागी उपस्थिति रहे। सांस्कृतिक महोत्सव में 18 विधाओं की प्रतियोगिता सम्मिलित की गई। जिसमें रंगोली, चित्रकला, निबंध, स्वरचित कविता, प्रश्न मंच, मूर्ति कला, गीता पाठ, वंदे मातरम गायन, व्यक्तिगत गीत,एकलभजन, एकल अभिनय, आचार्य पत्र वाचन, तात्कालिक भाषण, मानस प्रथमाक्षरी, कथा कथन एवं तबला वादन से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

### गोढ़ी में हुआ सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कोरबा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व के द्वारा सेवा पर्व के अवसर पर गुरुवार को ग्राम गोढ़ी के पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवा पर्व का शुभारंभ वरि. कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिदार, अधीक्षण अभियंता अमित फुटाने, देवी शंकर राय, पंचराम वार्ते एवं नारायण सिंह ठाकुर के आतिथ्य में एवं डॉ अभिषेक रामटेके, डॉ. प्रज्ञा चंद्रा मंचस्थ रहे। इस अवसर पर सीएसईबी कोरबा पूर्व के तत्वाधान में ग्राम गोढ़ी सरपंच द्वारा ग्राम में मुनादी कराकर ग्राम वासियों को स्वास्थ्य का लाभ पहॅचवाया। जिसमें अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। स्वास्थ्य शिविर में कोरबा पूर्व से संदीप सोना, राकेश श्रीवास्तव, एसके डेविड, भगवती तंवर, महिपाल कैवर्त, प्रभा राव, करन यादव, एंग्लो कुमार बंधन, संदीप बरेठ, नरेन्द्र सिंह, लक्ष्मी कंवर, लक्ष्मीन कंवर का सहयोग रहा।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री फ्री 66% छूट
COBB ITALY flying colors of fashion
कॉब रेडिमेड
कपड़ा शो-रूम
1 कपड़ा खरीदने पर 2 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## बदले गए समग्र शिक्षा विभाग के शहरी बीआरसी

# शासन ने किया जिले के समग्र शिक्षा विभाग में बदलाव, दो एपीसी का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए शिक्षा मंत्री बनने के बाद शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर लगातार बदलाव हो रहा है। इसी कड़ी में लंबे समय से जमे विभागीय कर्मचारियों को बदलने की तैयारी चल रही है। शनिवार को जारी सूची के अनुसार जिले के समग्र शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का स्थानांतरण जिले से बाहर किया गया है। वहीं समग्र शिक्षा विभाग के शहरी बीआरसी को भी बदलने की कार्यवाही की गई है।

**खास बात**
- लंबे समय से जमे हैं ग्रामीण बीआरसी

स्थानांतरण सूची के तहत समग्र शिक्षा विभाग के जिला मुख्यालय में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय (एपीसी) के पद पर पदस्थ काजी रुखसार हुसैन का स्थानांतरण जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के विकल्प पर किया गया है। काजी रुखसार का मूल पद भौतिक विषय के व्याख्याता का था लेकिन ये समग्र शिक्षा में पदस्थ थे। इनमें रुखसार काजी लंबे समय से स्वामी आत्मानंद स्कूल का प्रभार देख रहे थे। ओमेश्वरी नायक सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय के पद पदस्थ थी। उनका तबादला भी रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी के विकल्प में किया गया है। ओमेश्वरी नायक का मूल पद व्याख्याता का था। शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति के नाम पर हो रही गड़बड़ियों की शिकायतें कलेक्टर तक भी पहुंची थी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पड़निया विकासखंड कटघोरा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ चंद्रेश कुमार दुबे को प्रतिनियुक्ति में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जिला परियोजना कार्यालय में पदस्थ किया गया है। इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के स्वामी आत्मानंद विद्यालय पसान में भौतिक विषय के व्याख्याता वर्तिका जान को प्रतिनियुक्ति पर सहायक कार्यक्रम समन्वयक के पद पर जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा में पदस्थ किया गया है। वहीं समग्र शिक्षा के कोरबा विकासखंड के शहरी बीआरसी के पद पर पदस्थ अनिल रात्रे को बदल दिया गया है। उनकी जगह अभिषेक तिवारी को शहरी बीआरसी बनाया गया है। इसी तरह कोरबा ब्लॉक के ही ग्रामीण बीआरसी के पद पर अभी तक कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### छात्रों ने किया था चक्काजाम

स्वामी आत्मानंद स्कूल पसान के छात्रों ने शिक्षक की मांग को लेकर लगभग 2 घंटे तक पसान पेंड्रा मार्ग में चक्काजाम कर दिया था जिसके लिए पसान तहसीलदार को स्वयं जाकर चक्काजाम समाप्त कराना पड़ा था। उसी स्वामी आत्मानंद स्कूल पसान में भौतिक विषय की व्याख्याता वर्तिका जान को समग्र शिक्षा कार्यालय में पदस्थ किया जाना समझ से परे हैं। जबकि स्वामी आत्मांद स्कूलों में शिक्षण सत्र के चार माह गुजरने के बाद भी शिक्षा विभाग शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर सका है। दो माह बाद स्कूलों में छःमाही परीक्षा शुरु हो जाएगा। ऐसे में जो शिक्षक पदस्थ हैं उनको भी जिला मुख्यालय में अटैच किया जा रहा है। यह जानकर भी इस कदम से छात्रों का आक्रोश एक बार फिर भड़क सकता है। विभाग के अधिकारियों ने इस मुद्दे पर संज्ञान नहीं लिया है।

## ट्रांसपोर्टर और उसकी मां की सड़क हादसे में मौत


सड़क हादसे में दुर्घटनाग्रस्त कार व इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के युवा ट्रांसपोर्टर अमन बाजवा उर्फ तलविंदर सिंह और उनकी मां की सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना मध्य प्रदेश के चित्रकूट के पास बुंदेलखंड नेशनल हाईवे पर घटित हुई है। इस सड़क हादसे में अमन बावजा के मौसा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**खास बातें**
- मप्र के बुंदेलखंड हाईवे पर हुआ हादसा, एक घायल
- पत्नी-बच्चों से मिलने पंजाब जा रहे था परिवार

ट्रांसपोर्टर अमन बाजवा 34 वर्ष अपनी मां और मौसा के साथ स्कॉर्पियो से पंजाब जा रहे थे। वे अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने पंजाब जा रहे थे। अमन बाजवा दीपका थाना क्षेत्र के झाबर में निवास करते थे। चित्रकूट में बुंदेलखंड नेशनल हाईवे पर हुए इस हादसे में मां और बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल संबंधित पुलिस थाना और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मृतकों के परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी फोन पर दी। अमन बाजवा एक बड़े ट्रांसपोर्टर थे, जिनका कोयला का काम चलता था और उनकी लगभग 100 से अधिक गाड़ियां रोड लाइन पर चलती हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। हादसे की खबर मिलते ही गेवरा-दीपका क्षेत्र के ट्रक मालिक एसोसिएशन और कोयला व्यवसायियों में शोक का माहौल है।

## कटघोरा गोलीकांड का फरार मास्टरमांइड रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र में हुए गोलीकांड के मास्टर माइंड को पुलिस ने रायपुर से गिरफ्तार किया है। कटघोरा के कसनिया क्षेत्र के एक मकान में हुए फायरिंग की घटना में पुलिस ने अब तक शूटर सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद से ही फरार इस वारदात के मुख्य आरोपी शक्ति सिंह की तलाश की जा रही थी। जिसे रायपुर में दबिश देकर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।


आरोपी।

गौरतलब है कि पिछले दिनों कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया में गोलीकांड की घटना हुई थी। कसनिया में रहने वाले सिकंदर मेमन के घर पर देशी कट्टे से दो राउंड फायरिंग की गयी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए गोली चलाने वाले आरोपी शूटर दुर्गेश पांडे को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। इस वारदात के बाद पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों में दबिश देकर कोरबा से 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ में इस गोलीकांड के पीछे शक्ति सिंह नामक शख्स की अहम भूमिका सामने आयी थी। जिसने 10 हजार रूपये में सुपारी देकर यूपी से शूटर कोरबा बुलवाया था। जांच में हुए इस खुलासे के बाद पुलिस मुख्य आरोपी शक्ति सिंह की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने 6 सदस्य टीम का गठन किया था। जिसके बाद 6 सदस्यी टीम ने फरार आरोपी शक्ति सिंह की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी थी। इसी बीच शनिवार को आरोपी शक्ति सिंह को पुलिस की टीम ने रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

**खास बातें**
- सुपारी देकर यूपी से बुलाया था शूटर
- गोलीकांड के तीन आरोपी पहले हो चुके हैं गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी शक्ति सिंह भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी की कार्यकारिणी में महामंत्री है। मुख्य आरोपी बीजेपी नेता शक्ति सिंह की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस की इस पूछताछ के बाद कटघोरा में हुए गोलीकांड के पीछे के पूरे षड्यंत्र का खुलासा होने की उम्मीद है।

## तनेरा में हाथियों का खतरा बरकरार 54 हाथियों का झुंड कर रहा विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का खतरा लगातार बना हुआ है। यहां के तनेरा गांव में 54 की संख्या में हाथी लगातार मंडरा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। हाथियों के इस झुंड ने शुक्रवार की रात उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों की खेतों में लगे बड़ी मात्रा में धान की फसल को मटियामेट कर दिया, जिससे 27 ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। उन्हें हाथियों के उत्पात के कारण काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं, वहीं नुकसानी का आंकलन भी शुरू कर दिया गया है। हाथियों द्वारा क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह से डेरा डालने तथा प्रतिदिन उत्पात मचाकर फसलों को रौंदे जाने तथा नष्ट किए जाने से ग्रामीण परेशान हैं। हाथियों की मौजूदगी के कारण उनमें भय भी व्याप्त है।



हालांकि वन विभाग द्वारा क्षेत्र में मौजूद हाथियों की लगातार निगरानी की जा रही है। बावजूद इसके हाथियों का दल खेतों में पहुंचकर फसलों को बर्बाद करने में सफल हो जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है।

### कांस्टेबल की हार्ट अटैक से हुई मौत, एसपी कार्यालय में था पदस्थ

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ एक आरक्षक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। अचानक तबीयत बिगड़ने पर वह खुद अपनी बाइक से अस्पताल पहुंचा था। लेकिन चिकित्सकों की तमाम कोशिशों के बावजूद कुछ घंटों बाद ही उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। बीते एक महीने में पुलिस विभाग में एक निरीक्षक, 2 आरक्षक और 3 पुलिस कर्मियों के बच्चों की मौत से शोक की लहर व्याप्त है। इस घटना के बाद से पूरे पुलिस महकमे में गहरा शोक है। मृतक आरक्षक कृष्ण कुमार खरिया का स्वास्थ्य सामान्य था और वह रोजमर्रा के कामकाज में सक्रिय रहता था, लेकिन दोपहर अचानक कृष्ण कुमार खरिया को सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। किसी को परेशान न करते हुए कृष्ण कुमार खरिया स्वयं अपनी बाइक से नजदीकी अस्पताल पहुंचा। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार दिया और हालत गंभीर देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती किया गया।

## व्यापारियों एवं आमजन से भाजपा नेताओं ने किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में दी गई विशेष छूट की सौगात को लेकर जिले में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर (आबकारी) श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया ने पावर हाउस रोड, घंटाघर एवं निहारीका क्षेत्र में व्यापारियों, उद्योगपतियों, स्थानीय व्यवसायिक समुदाय एवं आम नागरिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित कर जीएसटी सुधारों की जानकारी साझा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देशवासियों को जीएसटी में दिये गये विशेष छूट से व्यापारी समुदाय में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। उन्होंने बताया की उपभोक्ताओ का बाजार की ओर रुझान बढ़ा है।



संवाद कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष योगेश जैन, जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडेय, सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, राजेन्द्र अग्रवाल, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, कोरबा मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, मंडल महामंत्री राहुल नवनीत शुक्ला, मिलाप राम बरेठ, पुनीराम साहू, प्रकाश अग्रवाल, सूरज पांडेय, रिपु जायसवाल, नीरज ठाकुर, परविंदर सिंह, युगल कैवतर्य, ईश्वर पटेल, संजीव शर्मा, पवन सिन्हा, रामकुमार त्रिपाठी, अनिल वस्त्रकार, श्रीधर द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

### अब हर संकुल में आएंगे दस स्कूल, होगा परिसीमन

**कोरबा।** आने वाले समय में शहरी और ग्रामीण अंचलों के संकुल केंद्रों का परिसीमन की तैयारी चल रही है। नए परिसीमन के बाद हर संकुल के अंतर्गत 10 स्कूल आएंगे जिससे संकुल प्रभारियों को स्कूल के निरीक्षण में दबाव और लंबी दूरी का समय नहीं तय करना पड़ेगा और वह अपने मूल शाला में अध्यापन का कार्य भी कर सकेंगे। संकुल प्रभारियों को लेकर लगातार योजनाएं बनाई जा रही है कहीं नए संकुल बनाए जा रहे हैं तो कहीं संकुल प्रभारी बदले जा रहे हैं। आने वाले दिनों में जि के सभी 269 संकुल केंद्रों का नए सिरे से परिसीमन होगा। इस परिसीमन के बाद अब हर संकुल के अंतर्गत 10 स्कूल ही आएंगे। इससे शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने की तैयारी से जोड़ा जा रहा है।

## हरदीबाजार-तरदा टू-लेन सड़क निर्माण पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत हरदीबाजार से तरदा तक बनने वाली टू लेन सड़क के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया फिर विवादों में उलझ गई है। परियोजना के लिए 11 गांवों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है, लेकिन प्रभावित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि पर सवाल उठाते हुए आपत्ति दर्ज की है।

**खास बात**
- मुआवजा को लेकर ग्रामीणों की आपत्ति, अधिग्रहण प्रक्रिया अटकी

उल्लेखनीय है कि कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना द्वारा ग्रामीणों को दस्तावेज जमा कर मुआवजा प्राप्त करने नोटिस जारी किया गया है। दूसरी ओर बिरदा गांव के किसानों ने स्पष्ट कहा है कि उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई कि किस आधार पर राशि का निर्धारण किया गया है। कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पत्र में मुआवजा राशि निर्धारण का कोई आधार नहीं बताया गया है। जमीन अधिग्रहण के समय भी उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई थी। ग्रामीणों ने मांग की कि मुआवजा भारतमाला परियोजना की तर्ज पर तय किया जाए और जमीन का मूल्यांकन भी उसी आधार पर किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो वे अदालत का रुख करेंगे। उनकी आपत्ति के कारण सड़क निर्माण में और देरी की आशंका है, क्योंकि 90 प्रतिशत मुआवजा वितरण पूरा हुए बिना टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती। कार्यपालन अभियंता पीडब्ल्यूडी, जीआर जांगड़े ने बताया कि जमीन अधिग्रहण के बाद ही नया टेंडर जारी किया जाएगा। मुआवजा राशि प्रशासन के पास जमा करा दी गई है और शेष प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।


फाइल फोटो

### 27.19 किमी सड़क, 250 प्रभावित

हरदीबाजार-तरदा, सर्वमंगला-इमलीछापर सड़क की कुल लंबाई 27.19 किलोमीटर है। तीन चरणों में बन रही तरदा-हरदीबाजार सड़क का हिस्सा 13 किलोमीटर लंबा है। इस सड़क निर्माण में ग्रामीणों की भूमि ली जा रही है। करीब 250 प्रभावित परिवारों को 8 करोड़ रुपये का मुआवजा बंटना है। अवार्ड पारित होने के बाद मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**पीडब्ल्यूडी और ठेका कंपनी की स्थिति**

पीडब्ल्यूडी ने मुआवजा राशि पहले ही भू-अर्जन अधिकारी, कटघोरा के पास जमा करा दी है। लेकिन अधिग्रहण प्रक्रिया अटकने से निर्माण कार्य फिर से रुकता दिख रहा है। ठेका कंपनी ने भी जमीन न मिलने के कारण काम करने से इंकार कर दिया था। नवंबर 2024 में ठेका समाप्त हो चुका है। सर्वमंगला से इमलीछापर के बीच करीब 500 मीटर सड़क अभी अधूरी है। तीन चरणों का काम एक साथ होने की वजह से नया टेंडर भी जारी नहीं हो पा रहा है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने कृष्ण कुमार



**अकलतरा।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष पद के चुनाव में कृष्ण कुमार यादव को पुनः निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रभारी दिलीप भारती गुरु और विवेक राठौर ने बताया कि निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष कृष कुमार यादव के सामने किसी भी शिक्षक ने नामांकन नहीं भरा एवं सर्वसम्मति से उन्हें दोबारा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया है। अपने निर्विरोध निर्वाचन पर कृष्ण कुमार यादव ने विकासखंड के सहायक शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हुए हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रवींद्र राठौर, हरीश गोपाल, दिनेश तिवारी, देवेंद्र तिवारी,धीरेन्द्र राठौर,दामोदर चौधरी,अमित धिरहि, रूपेश सिंह,उपेंद्र,लक्ष्मण रात्रे,जयकुमार साहू,शान्ति कुमार बाजपेयी एवं सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं प्रधान पाठक गण उपस्थित थे।

### केबिनेट बैठक में पेंशनरों को महंगाई राहत देने का निर्णय ले राज्य सरकार

**चांपा।** केंद्र सरकार जब जब अपने कर्मचारियों तथा पेंशनरों का महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत बढ़ाती है,राज्य सरकारें भी उसी के अनुरूप अपने कर्मचारियों और पेंशनरों की महंगाई भत्ता,महंगाई राहत बढ़ाती रही है। विगत कुछ वर्षों से इसमें विसंगतियां आई है। राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला शाखा जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि राज्य सरकारें अपने कर्मचारियों ,पेंशनरों को केंद्र सरकार के देय तिथि तथा देय दर से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत प्रदान करने में आना कानी कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने राज्य के अधिकारियों कर्मचारियों को सितंबर 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी किया है, परंतु प्रदेश के सवा लाख से अधिक पेंशनर एवं परिवार पेंशनर को महंगाई राहत नहीं दिया जा रहा है। इससे पेंशनरों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हो रहा है कि सेवारत कर्मचारियों और सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ता,महंगाई राहत देने हेतु अलग अलग आदेश प्रसारित किया जा रहा है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ सरकार से यह मांग करती है कि 30 सितंबर को आयोजित केबिनेट की बैठक में राज्य के पेंशनरों तथा पेंशनर परिवार को जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई राहत देने का निर्णय ले। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के जिला शाखा अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार ने कहा कि अभी नवरात्रि पर्व चल रहा है। आगामी अक्टूबर माह में दशहरा एवं दीपावली का त्यौहार है। सरकार पेंशनरों को महंगाई राहत देकर पेंशनरों की खुशियों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे।

### साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष डॉ नरेंद्र साहू का सक्ती जिला आगमन पर भव्य स्वागत हुआ। प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने के पश्चात डॉ नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष त्रय सत्यप्रकाश साहू, डॉ तिलक साहू, श्रीमती साधना साहू, संगठन सचिव द्वय डॉ सुनील साहू, श्रीमती चंद्रावती साहू , संयुक्त सचिव द्वय बीना साहू,प्रदीप साहू का प्रथम नगर आगमन हुआ। कचहरी चौक सक्ती में स्वागत के पश्चात पुनः ग्राम लवसरा में सभी पदाधिकारियों का भव्य स्वागत साहू समाज के जिलाध्यक्ष एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू के नेतृत्व में किया गया। स्वागत करने वालों में जिलाध्यक्ष डॉ खिलावन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राम नरेश साहू, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, धनेश्वरी साहू, गोरे लाल साहू, श्रीमती तुलसी साहू, ,महामंत्री सुकचरण साहू , कोषाध्यक्ष डॉ पुरन साहू ,सचिव प्रहलाद साहू,गौरीशंकर साहू, श्रीमती नीरा साहू,बद्रिका साहू, श्रीमती नीलम साहू, मिश्री लाल साहू, लोकेश साहू श्रीमती रत्ना साहू, तहसील अध्यक्षगण प्रकाश साहू, मनहरण साहू, दीपक साहू,राजेश साहू सहित सभी तहसील पदाधिकारी, परिक्षेत्र अध्यक्षगण व पदाधिकारी विशेष रूप से आकाश साहू , सरजू साहू,टीका राम साहू,सुरेश साहू,नेत्र साहू शामिल रहे।

## निधन

### छबिलाल साहू

**गोधना।** आदर्श ग्राम कुकदा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक छबिलाल साहू का 70 वर्ष की आयु में 26 सितंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र पीताम्बर साहू ने दी। वे देवनारायण, दक्ष कुमार और चंद्रशेखर के पिता थे।



खैरा एवं पोरथा में 500 से अधिक बच्चों को दिया नशा मुक्ति का संदेश

# नशा केवल व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दिया ग्रुप के निर्देशन में 26 सितंबर को सक्ती जिले के निकट ग्राम खैरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पोरथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में .दीया छत्तीसगढ़ प्रांतीय टीम के सदस्यों के द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत दोनों प्रमुख विद्यालयों में बच्चों के मध्य विशाल नशा मुक्ति कार्यक्रम डिवाइन वर्कशॉप संपन्न किया गया। दिया के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय खैरा एवं पोरथा में 500 से अधिक बच्चों के बीच नशा मुक्ति का संदेश दिया। साथ ही व्यक्तित्व विकास जीवन विद्या आदि प्रमुख विषय भी बच्चों के बीच रखे गए।

खैरा में वर्कशॉप के दौरान दिया छ.ग. विस्तारक कन्हैया चौहान ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी एक बड़ा खतरा है। आज बढ़ती अनेक समस्याएं वह चाहे सड़क दुर्घटनाएं, हों चोरी डकैती, पारिवारिक विवाद, बच्चों युवाओं में मानसिक तनाव, पागलपन, गरीबी, अशिक्षा, खराब स्वास्थ्य , बीमारियां आदि समस्याएं नशे के कारण उत्पन्न हो रहीं है। उन्होंने छात्रों को नशे के नुकसान के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा कि यदि नशा करना है तो देशभक्ति का करें, यदि नशा करना है तो पढ़ाई का करें, नशा करना है तो सेवा का करें और अच्छे विचारों को धारण करते हुए जीवन को श्रेष्ठ बनाते हुए लक्ष्य को प्राप्त करें। नशा प्रत्येक सफलता में बाधक है इससे युवा दूर रहे। वर्कशॉप के द्वितीय सत्र में पोरथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विस्तारक दिया सविता साहू ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सभी महान भारतीय संस्कृति को मानने वाले जीवन में इस महान संस्कृति को जीने वाले लोग हैं। पूरे विश्व में भारत एक युवा राष्ट्र है युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। इस युवा शक्ति को नशे से बचाना वर्तमान की आवश्यकता है, हम सभी समृद्ध भारत,नशा मुक्त भारत श्रेष्ठ भारत, के निर्माण में मिलकर युवा योगदान दें। उन्होंने कहा कि यदि संकल्प एक निष्ठ हो जाए व्यक्तित्व प्रखर हो जाए तो कोई भी कार्य असंभव नहीं । वर्कशॉप के समापन पर दोनों विद्यालयों में कोरबा दिया ऋचा स्वर्णकार ने बच्चों को नशा मुक्ति का संकल्प कराया। ऋचा स्वर्णकार ने छात्रों को प्रेरित किया और कहा कि अभाव और प्रभाव नहीं स्वभाव ही सफल होने में मदद करता है, अतः सदा व्यक्तित्व को सुंदर बनाना अति महत्वपूर्ण है यदि व्यक्तित्व अच्छा होगा आचरण अच्छा होगा तो प्रत्येक कार्य में सफलता मिलेगी। अंत में नशा मुक्ति गीतों के माध्यम से संदेश देते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन प्राचार्य एस .के जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जिला संयोजक विजेंद्र यादव कोरबा, प्रांत सहसंयोजक ओमप्रकाश बलभद्रे, सक्ती प्रभारी दीया नंदकिशोर राठौर, विस्तारक कन्हैया चौहान, विस्तारक सविता साहू, कोरबा दीया ऋचा स्वर्णकार, गायत्री परिवार सक्ती प्रहलाद साहू, डिवाइन सदस्य नरेश राठौर, अमित राठौर के साथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा प्राचार्य एस .के .जायसवाल, शिक्षक भूषण सिंह, रेखा सिदार, जगमोहन राठौर, उ.मा.वि. पोरथा प्राचार्य मनीष कुमार आदित्य, डीके शुक्ला व्याख्याता, शिक्षक मनोज साहू, शिक्षिका लीना पटेल, रामेश्वरी यादव, शिक्षिका रत्ना आनंद, संगीता भगत, पूर्णिमा चौहान, दिनेश साहू, प्रधान पाठक राधेश्याम राठौर, मनोज चौहान, आदि का योगदान रहा।



नशामुक्ति कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

## कबीर स्तंभ के पास 'सद्गुरु कबीर साहेब चौक' का नाम रखने की मांग



नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मिनी माता मंगल भवन के सामने स्थित कबीर स्तंभ के पास क्षेत्र को 'सद्गुरु कबीर साहेब चौक' नाम देने की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय नागरिकों एवं कबीर पंथियों ने नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी को आवेदन सौंपकर इस क्षेत्र का नामकरण संत कबीरदास जी के नाम पर करने का आग्रह किया है।

मिनी माता मंगल भवन के सामने स्थित कबीर स्तंभ सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। यहां क्षेत्र के मानिकपुरी पनिका समाज एवं कबीरपंथी समाज के लोग संत कबीरदास जी के विचारों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने आते हैं।मानिकपुरी पनिका समाज के लोगों ने कहा कि यदि इस स्थान को 'सद्गुरु कबीर साहेब चौक' के नाम से घोषित किया जाता है, तो नगरवासियों को संत कबीरदास के संदेश और विचारधारा का निरंतर स्मरण होगा। साथ ही, यह नामकरण क्षेत्र की पहचान और गरिमा में भी वृद्धि करेगा। समाज के सिरतू दास, गोपी दास, छत्तु दास, संतोष दास हंसा, थिरदास, भोला दास मानिकपुरी, गणेश दास, युवा अध्यक्ष अजयदास, युवा सचिव सतीश दास, गौतमदास, भागवत मानिकपुरी एवं समाज के लोगों ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से इस विषय पर यथोचित कार्यवाही कर इस स्थान को 'सद्गुरु कबीर साहेब चौक' के नाम से घोषित करने की मांग की है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत स्कूल परिसर की गई साफ सफाई



**डोंगाकोहरौद।** सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान थीम पर 25 सितंबर को महात्मा ज्योतिबाराव फूले उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ कुंज किशोर, एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र देवांगन और विद्यालय के व्याख्याता हिमाचल साहू, मंगल सिंह, श्री चौबे, श्रीमति रीना तिवारी, श्रीमती रत्ना साहू , मालिक राम खरे उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन अवसर पर देश भर में चल रहे सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रत्येक स्कूल में समग्र शिक्षा विभाग रायपुर छ ग के निर्देशानुसार स्कूल परिसर का साफ सफाई किया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता निभाई।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 49 लोगों ने उठाया लाभ



**बलौदा।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रविवार 28 सितंबर को राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बलौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा आयुष्मान कार्ड व आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही स्वास्थ लाभ हेतु हितग्राहियों की भीड़ लगनी शुरु हो गई थी। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता डहरिया ने किया। उन्होंने सभी हितग्राहियों को अपने हाथों से आयुष्मान कार्ड व आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी हितग्राहियों को योजना का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर में 49 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया तथा 16 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड व 6 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदना आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया । शिविर में आए मरीजों का डॉ दिलीप जैन, डॉ प्रदीप जैन, डॉ संजीता जैन ,डॉ सुमिता जैन ने स्वास्थ्य परामर्श लाभ दिया।

## स्वच्छ पर्यावरण स्वास्थ्य के लिए जरुरी : कर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया (बम्हनीडीह) में विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता रैली, गतिविधियां और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ रैली निकालकर पर्यावरण की रक्षा के लिए किया गया जागरुक

जागरूकता रैली निकालकर जन समुदायों को पर्यावरण की रक्षा के लिए, जल, वायु और वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बच्चों के लिए विद्यालय में निबंध, चित्र प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यूथ एवं इको क्लब के सदस्य खुशबू कर्ष ने कहा कि कहा कि स्वच्छ पर्यावरण हमारे लिए सब कुछ है क्योंकि हमें शुद्ध हवा प्राप्त होती है जिससे हम सांस लेते हैं वह पानी जो हम पीते हैं पेड़, जानवर और यहां तक कि हमारे पैरों के नीचे जो मिट्टी है वह भी प्रकृति से ही पर्यावरण शुद्धता पर निर्भर करती है। प्रभारी प्रधान पाठक डॉक्टर उमेश कुमार दुबे ने पर्यावरण स्वच्छता के उद्देश्य के बारे में बताया कि मनुष्य के स्वास्थ्य में सुधार के लिए सुरक्षित पेयजल,स्वच्छ शौचालय एवं और बेहतर वायु गुणवत्ता के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते है। स्वच्छ वातावरण से डायरिया, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा कम होता है जो अपशिष्ट पदार्थ जैसे मानव मल, ठोस अपशिष्ट और अन्य कचरा के उचित निपटान के तरीके विकसित करना ताकि पर्यावरण दूषित ना हो। जलवायु और अन्य प्राकृतिक संसाधनों को प्रदूषण से बचाकर उसकी रक्षा करना ताकि वह भविष्य में भी उपलब्ध रह सके। कार्यक्रम को कैलाश खूंटे एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष राजू साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण शिक्षा एक सीखने की प्रक्रिया है जो लोगों को पर्यावरण और उससे जुड़ी चुनौतियों को समझने में मदद करती है जिससे उनमें पर्यावरणी समस्याओं के प्रति जागरूकता,ज्ञान और कौशल विकसित होते हैं।

मातारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को किया गया जागरुक

# माहवारी जागरूकता एवं समस्या-समाधान पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नवरात्रि पर्व पर "सृजन – एक उम्मीद सृजन की" सामाजिक संस्था के तत्वावधान में मातारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय, अकलतरी में किशोरी बालिकाओं के लिए "माहवारी जागरूकता एवं समस्या-समाधान कार्यशाला" का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की 150 बालिकाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया गया, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया जा सके। संस्था की संस्थापिका श्रीमती रजनी सत्तु साहू ने अपने संबोधन में सृजन संस्था की स्थापना, उद्देश्य एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था का ध्येय समाज में महिलाओं और किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान की मुख्यधारा से जोड़ना है। वक्ता श्रीमती रंजीता चंद्रकांत साहू ने अपने उद्बोधन में धार्मिक और पौराणिक दृष्टांतों के माध्यम से समझाया कि "मासिक धर्म अभिशाप नहीं, बल्कि स्त्री शक्ति का वरदान है"। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर इस विषय पर चर्चा करना माता रानी की शक्ति और स्त्रीत्व के वास्तविक स्वरूप को सम्मान देने जैसा है। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मंजू राठौर ने वैज्ञानिक तथ्यों और चिकित्सीय दृष्टिकोण से मासिक धर्म की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं को पोषण, स्वच्छता और मानसिक सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और उनके संकोच दूर किया। इस आयोजन में रेनू अग्रवाल, नीता सिंह, अनिता, प्रभा साहू, शुष्मिता कश्यप एवं कुलदीप जायसवाल का सहयोग रहा। आभार प्रदर्शन संस्थाके प्राचार्य समय लाल साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की छात्राएं एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।




कार्यशाला में उपस्थित अतिथि एवं छात्राएं।

## बिर्रा क्षेत्र में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा




देवरहा में विराजे माता रानी



जय मां दुर्गा उत्सव समिति साहू मोहल्ला बिर्रा



गणेश चौक बसंतपुर




गुड़ी चौक मल्दा



गुड़ी चौक घिवरा



दीवान मोहल्ला बिर्रा



सिलादेही का दुर्गा माता



सिलादेही भाटापारा



सिलादेही बाजार चौक



सिलादेही मौहाडीह में विराजी मां दुर्गा।



सिलादेही सड़कपारा

## बीरभांठा में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालु

**मालखरौदा।** ग्राम वीरभाठा शिव तालाब के पास भुवनेश्वरी दुर्गा मां विराजित है। यहां रोजाना दोपहर 3:30 बजे से रात्री 9 बजे तक पुजारी संजू महाराज की मौजूदगी में देवी भागवत की कथा चल रहा है।

शिवरीनारायण से पधारे आचार्य कमोद प्रकाश पांडे अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को देवी भागवत की कथाओं का रसपान करा रहे हैं। ग्राम जुड़ा बलौदा बाजार निवासी नकुल वर्मा जन्मजात सूरदास गायक तबला पर मरहरण निषाद के साथ जसगीत तथा भजन गा रहे है। प्रथम दिवस देवी महात्माया से प्रारंभ हुई कथा मधु कैटभ, सुखदेव जन्म, प्रहलाद प्रसंग, जन्मे जय सरपर्शास्त्र, श्री कृष्णा प्रअगतिया लीला तक पहुंच चुकी है जो महिषासुर वध, शिव पार्वती विवाह, राम अंबा यज्ञ, के साथ बुधवार 1 अक्टूबर को हवन तर्पण के साथ पूर्ण होगी। इस ज्ञान यज्ञ का आयोजक राज राजेश्वरी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है। सदस्य गोवर्धन प्रसाद यादव आयोजन को सफल बनाने जुटे हुए है। वहीं पंचगण, ग्राम वासी बुजुर्ग तथा सरपंच बुद्धेश्वर नाविक समिति के सदस्यों टेकीश्वरदास, नरेंद्र यादव, रामेश्वर यादव चंद्रमणि यादव रमेश केवट दुरपादेवी, द्रौपदी निषाद कौशल्या मरावी कुसुम यादव तामेश्वर दास सहयोग कर रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## कल्याणपुर में डस्टबिन वितरण कर दिया गया स्वच्छता का संदेश



**अकलतरा।** स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम कल्याणपुर में ग्रामीणों को डस्टबिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुनदेव अघरिया, उपाध्यक्ष कमलेश पाटले, जनपद सदस्य ईश्वर साहू, भाजपा जिला महामंत्री नंद चौधरी, मंडल अध्यक्ष गोपेश तुल्सयान, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष विनोद निर्मलकर, देव अघरिया, सरपंच श्रीमती लता आशा राम लहरे, उपसरपंच, पंचगण की उपस्थिति में किया गया। इस पहल का उद्देश्य गांव को साफ-सुथरा बनाए रखने हेतु घरेलू कचरे को एकत्रित कर उसे कचरा रिक्शा के माध्यम से सही स्थान तक पहुंचाना है।डस्टबिनों की खरीदी जनपद सदस्य मद से की गई है। कार्यक्रम में उपस्थितजनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि गांव की सफाई केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से ही संभव है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी संकल्प लिया कि वे अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखेंगे तथा निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालेंगे।

## एडविना कांत ने गोला फेक एवं ऊंची कूद में प्राप्त किया दो स्वर्ण पदक



**सक्ती।** 25 वें राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जगदलपुर में हुआ, जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती की छात्रा कु. एडविना कांत ने गोला फेक एवं ऊंची कूद में दो स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने जिले एवं राज्य का नाम रोशन किया है। साथ ही एडविना का चयन राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हो गया है जो आगामी नवम्बर माह में लखनऊ उत्तर प्रदेश में आयोजित होगी। छात्रा की इस सत्र राज्य स्तरीय खेल में तीसरा स्वर्ण पदक है। खिलाड़ी छात्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंगनसरा वि.ख. सक्ती में पदस्थ शिक्षक राम कुमार कांत की सुपुत्री है। जिलाशिक्षाधिकारी सक्ती डॉ कुमुदिनी वाघ द्विवेदी ने इस खिलाड़ी छात्रा की उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि होनहार छात्रा उत्तरोत्तर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ते हुये जिले और राज्य का नाम रोशन करते रहे।

### जगह-जगह विराजित दुर्गा प्रतिमाओं के अलावा देवी मंदिरों में दर्शन हेतु उमड़ रहे श्रद्धालु

# नगर में शारदीय नवरात्रि की धूम, देवी भक्ति में नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में इन दिनों शारदीय (क्वांर) नवरात्रि का पर्व धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। पर्व के चलते शहर के देवी मंदिरों सहित जगह-जगह सार्वजनिक दुर्गोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल निर्मित कर विराजित की गई माता भवानी की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। नगर के मोदी चौक के पास सिद्विदात्री दुर्गोत्सव समिति के अलावा कोरबा रोड में सिवनी चौक में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा मनमोहक पंडाल में विराजित माता भवानी की आकर्षक प्रतिमा के दर्शन के लिए शहर के अतिरिक्त आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोगों का हुजूम उमड़ रहा है।

शहर में इन दिनों सोमवार 22 सितम्बर से प्रारंभ हुई शारदीय (क्वांर) नवरात्रि की धूम है। नगर के मध्य देवांगन पारा स्थित मां सम्लेश्वरी मंदिर में प्रतिदिन दर्शन हेतु लोगों का तांता लगा हुआ है। मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्वालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश के अलावा ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्जवलित कराए गए है। सुबह और रात्रि में माता सम्लेश्वरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। सप्तमी के दिन सोमवार 29 सितम्बर की रात्रि माता सम्लेश्वरी को नींबू की माला अर्पित की जायेगी। नवमीं के दिन मंगलवार 30 सितम्बर को सायं मंदिर से ज्वारा विसर्जन के लिए निकाले जाएंगे। इसी तरह पुराना कॉलेज रोड धोबी पारा स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये गये है। इसके अतिरिक्त इमलीघाट स्थित माता शीतला मंदिर, हटरी बाजार स्थित भकलू बाबा के दुर्गा मंदिर तथा रामबांधा तालाब के दक्षिणी छोर पर स्थित मां महामाया-सम्लाई मंदिर में भी श्रद्वालु मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने के साथ ही दर्शन व पूजन के लिए पहुंच रहे है। सोमवार 22 सितम्बर को माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की गई। रविवार 28 सितम्बर को माता के छठवें स्वरूप कात्यायनी की आराधना की गई। शहर के देवी मंदिरों के अतिरिक्त नगर के मोदी चौक के पास मां सिद्विदात्री दुर्गोत्सव समिति द्वारा प्रथम वर्ष भव्य रूप में भटगांव से निर्मित करा कर लाई गई आकर्षक माता भवानी की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। समिति द्वारा भव्य वातानुकूलित डोम पंडाल, आकर्षक लाइटिंग, मधुर साउंड सिस्टम सहित वृंदावन से आये आचार्यों द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना और प्रतिदिन विभिन्न प्रसाद व कई व्यवस्था के साथ मातारानी की सेवा की जा रही है। समिति के सक्रिय सदस्यों में प्रकाश अग्रवाल, राज अग्रवाल, अंकित मोदी, अनुपम अग्रवाल, धीरेन्द्र जालान, विकास मोदी, अंकित खेतान, निखिल जालान, किशन मित्तल,शलभ केड़यिा, मितेश मोदी, अमन मोदी, लोकेश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, मनीष मोदी, देवेन्द्र अग्रवाल, हनी अग्रवाल, विशाल केड़यिा, सौमिल मोदी, मयंक तिवारी, उदय शर्मा व अंशुमान जालान सहित अनेक भक्तगण माता रानी की दिन रात सेवा में लगे है। उधर अग्रवाल सेवा समिति द्वारा कोरबा रोड सिवनी चौक में राजस्थान के राजमहल की तर्ज पर आकर्षक एवं विशाल पंडाल का निर्माण करा कर राजदरबार की माता रानी के रूप में माता दुर्गा की सेवा की जा रही है। प्रतिदिन मथुरा से आये पुराहितों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ शतचंडी यज्ञ कराया जा रहा है। नगर में हटरी बाजार, सदर बाजार में सम्लेश्वरी चौक के पूर्व, सोनार पारा, कदंब चौक, डाक घर के पास, लायंस चौक के पास सहित अनेक स्थानों पर माता भवानी की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर सार्वजनिक रूप से सुबह और रात्रि पूजा-अर्चना की जा रही है। कुल मिलाकर इन दिनों शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान माता भवानी की आराधना के चलते समूचे शहर का माहौल इन दिनों श्रद्वा व भक्तिभाव से परिपूर्ण है।



मोदी चौक में विराजित मां सिद्विदात्री



कोरबा रोड में विराजित मां भवानी



देवांगन पारा स्थित मां सम्लेश्वरी

## धरदेई में नवरात्रि की धूम, जगत- जननी मां अम्बे की हो रही पूजा



**राहौद।** ग्राम पंचायत धरदेई के नरदीहा पारा में विराजित भव्य दुर्गा माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। प्रातः कालीन भजन-कीर्तन के साथ ही संध्याकालीन एवं रात्रिकालीन आरती भजन में ग्रामवासी बड़े ही उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। धरदेई के नरदीहपरा, चंडीपारा, अडबंधापारा स्कूलपारा के साथ ही चंडी दाई , ज्योतिजवाला मंदिर में भी श्रद्धालुगण ज्योत जलवाकर अपनी मनोकामना के लिए मातारानी से प्रार्थना कर रहे है। नवरात्रि का पर्व सबकी उन्नति, प्रगति ,अच्छे स्वास्थ्य के शुभकामनाओं के साथ सभी मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। नवरात्रि का पर्व में लोगो का उत्साह देखते ही बन रहा है।

## कृष्णा विहार कॉलोनी में मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व

**जांजगीर-चांपा।** श्री नवदुर्गा उत्सव समिति कृष्णा विहार कॉलोनी में मां दुर्गा की मूर्ति विधि-विधान और भव्य श्रद्धा भाव से स्थापित की गई। समिति के पंडित के मार्गदर्शन में कलश स्थापना, पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। मूर्ति स्थापना के समय कॉलोनीवासियों और भक्तों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। समिति सदस्यों ने बताया कि प्रतिदिन पूजा-अर्चना के साथ भजन संध्या, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कृष्णा विहार कॉलोनी में इस वर्ष नवरात्रि पर्व भव्य रुप से मनाने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां नौ दिनों तक माता के विधि विधान से पूजा अर्चना होगी।



# नहर में गिरी अनियंत्रित कार, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नहरिया बाबा रोड में एक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार में छह लोग सवार थे, जिन्हें सकुशल पानी से बाहर निकाला गया।

इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 28 सितम्बर को केनाल सिटी जांजगीर निवासी संजय शांडिल्य एवं पांच अन्य लोग कार में सवार होकर नहरिया बाबा रोड से घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उनकी कार नहरिया बाबा मंदिर के पास अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के अफसरो को दी गई। इस बीच पुलिस एवं नहरिया बाबा मंदिर के पास नारियल विक्रेता हीरा कश्यप एवं अन्य लोगों के सहयोग से सकुशल बाहर निकाला गया। तब जाकर कार सवारो ने राहत की सांस ली। इधर जांजगीर नैला शहर में नवरात्री पर्व के दौरान लोगो की भारी भीड़ जमा हो रही है। इसे देखते हुए नहर के आसपास भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

■ सिटी कोतवाली के नहरिया बाबा मंदिर के पास की घटना

